प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 सोमवार                                                                                दिनांक 16.03.2026

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

मुख्य समाचारः—

- राज्य विधानसभा में बजट सत्र के दौरान आज बारहवीं बोर्ड के हिन्दी पेपर लीक होने सहित विभिन्न मामले गूंजे।

- प्रदेश में नगरीय निकाय और पंचायतों में रिक्त सीटों पर होने वाले उपचुनावों के लिए मतदाता सूची तैयार करने संबंधित अधिकारियों की नियुक्ति की गई।

- राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस पर आज प्रदेश में हो रहे हैं अनेक कार्यक्रम।

- विभिन्न मुद्दों को लेकर कांग्रेस ने कल विधानसभा का घेराव करने की घोषणा की है।

<u>विधानसभा कार्यवाही—01</u>

छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज विपक्ष ने शासकीय राशन दुकानों में ई—केवाईसी नहीं होने की वजह से हितग्राहियों को राशन नहीं दिए जाने और अमानक चावल के मुद्दे को लेकर सदन से बहिर्गमन किया।

प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक दिलीप लहरिया ने राशन आवंटन का मुद्दा उठाया। उन्होंने ई—केवाईसी नहीं कर पाए हितग्राहियों के राशन रोके जाने की जानकारी मांगी। जवाब में खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने बताया कि एक लाख से अधिक हितग्राहियों का ई—केवाईसी नहीं हुआ है, जिसके कारण उनका राशन रोका गया है। उन्होंने बताया कि हितग्राहियों के ई—केवाईसी के लिए शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में प्रावधान किया गया है। साथ ही मोबाइल

ऐप के माध्यम से भी हितग्राही ई–केवाईसी कर सकते हैं। इस पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कई हितग्राही ऐसे हैं, जिनका फिंगर प्रिंट की दिक्कत है या गांवों में सर्वर के कारण ई–केवाईसी नहीं हो पाता, तो क्या उनको राशन नहीं मिलेगा। इस पर मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि कई ऐसे हितग्राही हैं, जो राशन लेने ही नहीं आते। इसके बाद मंत्री के जवाब से असंतुष्ट विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

इसी तरह, विधायक व्यास कश्यप ने कोरबा में अमानक चावल की खरीदी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों पर क्या कार्यवाही हुई। इसके जवाब में मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि एक अधिकारी को निलंबित किया गया है। दो कर्मचारियों पर कार्रवाई हुई है और दस अन्य कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

इसी तरह, भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने राज्य में अमानक बारदाने का मुद्दा उठाया। इस पर मंत्री बघेल ने बताया कि राज्य में चार हजार से अधिक गठान अमानक पाए गए। इसका क्लेम जूट कमिश्नर कार्यालय को किया गया है।

<u>विधानसभा कार्यवाही–02</u>

सदन में आज कांग्रेस विधायक रामकुमार यादव ने धान खरीदी केन्द्रों से धान उठाव नहीं होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने सक्ती जिले में तीस करोड़ रूपए का धान खराब होने का आरोप लगाया। इस पर मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि सक्ती जिले में सैंतालीस लाख क्विंटल से अधिक धान की खरीदी की गई है, जिसमें से करीब साढ़े तीन लाख क्विंटल धान का उठाव बाकी है। उन्होंने कहा कि इकतीस मार्च से पहले प्रदेश के सभी खरीदी केन्द्रों से धान का उठाव कर लिया जाएगा। बाद में मंत्री के जवाब से विपक्ष संतुष्ट नहीं हुआ और सदन से बहिर्गमन कर दिया।

प्रश्नकाल में ही कांग्रेस विधायक लखेश्वर बघेल ने बस्तर संभाग में जर्जर भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों का मामला उठाया। इस पर महिला और बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने जल्द ही सारी व्यवस्था पूरी करने का आश्वासन दिया।

वहीं, सदन में आज बारहवीं बोर्ड का हिन्दी पेपर लीक होने का मामला भी गूंजा। कांग्रेस विधायक देवेन्द्र यादव ने यह मुद्दा उठाते हुए प्रदेश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। जवाब में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि मामले की जांच के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल को निर्देश दिए गए हैं। यदि जांच में कोई दोषी पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विधानसभा कार्यवाही–03

विधानसभा में आज शून्यकाल के दौरान बीजापुर जिले के गंगालूर में संचालित पोटाकेबिन में छात्राओं के गभर्वती होने का मामला भी गूंजा। इस मुद्दे पर विपक्ष ने स्थगन प्रस्ताव लाया। लेकिन मंत्री के जवाब के बाद सभापति ने स्थगन सूचना को अग्राह्य कर दिया। इस पर विपक्ष ने सदन से बहिर्गमन कर दिया।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गंगालूर पोटाकेबिन का मामला उठाते हुए कहा कि वहां लगातार नाबालिग छात्राओं के साथ इस तरह की घटनाएं घट रही हैं। लेकिन सरकार दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर सभी कार्य रोककर चर्चा कराई जाए। विधायक विक्रम मंडावी, संगीता सिन्हा, अनिला भेंडिया और देवेन्द्र यादव ने भी इस मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने कहा कि पोटोकेबिन में इस तरह की घटनाएं सालों से चली आ रही है। उन्होंने कहा कि बच्चियों की अचानक मौत हो जाती है। पोटोकेबिन में न तो डॉक्टर है और न ही रहने की उचित व्यवस्था है। उन्होंने आसंदी से इस पर विचार कर चर्चा कराए जाने की मांग की।

विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि सारे आरोप निराधार है। किसी आरोपी को नहीं बचाया जा रहा है, जिन बच्चियों की बात की जा रही है वे पोटाकेबिन में नहीं पढ़ती। बच्चियों और उनके परिजनों ने कहा है कि वे वहां आना–जाना करते हैं। श्री यादव ने कहा कि ऐसी कोई घटना होती हैं तो सरकार त्वरित कार्रवाई करती है। उन्होंने कहा कि पोटाकेबिन कलेक्टर की देखरेख में संचालित होता है। मामले की जांच जारी है, जो भी दोषी होगा उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद आसंदी ने स्थगन सूचना को अग्राहय कर दिया।

## विस–ध्यानाकर्षण

भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक ने आज विधानसभा में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से छत्तीसगढ़ खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा सामग्री आपूर्ति में अनियमितताओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि बोर्ड ने भंडार खरीद नियमों का उल्लंघन करते हुए सामग्री की आपूर्ति की है। इसके जवाब में मंत्री गजेन्द्र यादव ने बोर्ड द्वारा सामग्री खरीदी में अनियमितता से इंकार किया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ खादी और ग्रामोद्योग बोर्ड में छप्पन संगठन पंजीकृत हैं और बोर्ड द्वारा एक सौ सत्रह उत्पादों की आपूर्ति की जाती है। मंत्री ने विधायक को मामले की जांच कराने का आश्वासन भी दिया।

## नगरीय निकाय–उपचुनाव

राज्य निर्वाचन आयोग ने दुर्ग, कांकेर सहित प्रदेश के अन्य जिलों में नगरीय निकाय और पंचायतों की रिक्त सीटों पर होने वाले उप चुनाव के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके तहत जिलों की संबंधित जनपद पंचायतों और नगरीय निकायों में फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार की जाएगी और उन्हें पुनरीक्षित किया जाएगा। इसके लिए आज जिला निर्वाचन अधिकारियों ने रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण और अपील प्राधिकारी की नियुक्ति कर दी है।

## राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस

आज राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस है। इस मौके पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान की शुरूआत की गई। इस अभियान के माध्यम से किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर के.के. सोनी ने बताया कि राष्ट्रीय टीकाकरण के मौके पर जिले भर में एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इसके तहत चौदह वर्ष पूर्ण कर चुकी और पन्द्रह वर्ष से कम आयु की किशोरियों को यह टीका लगाया जाएगा।

मुख्यमंत्री–सिंधी सेवा पंचायत

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर के बीटीआई मैदान में छत्तीसगढ़ सिंधी सेवा महापंचायत द्वारा आयोजित ''चन्ड्र जी रात, सिंधिन जो मेलो – आनंद मेलो'' में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंधी समाज का इतिहास पुरूषार्थ और साहस का है। विभाजन की विभीषिका की पीड़ा सबसे अधिक सिंधी समाज ने झेली है। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में सिंधी समाज की प्रमुख भूमिका रही है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सिंधु दर्शन यात्रा नामक पुस्तक का विमोचन भी किया।

कांग्रेस–विधानसभा घेराव

प्रदेश कांग्रेस कल सत्रह मार्च को मनरेगा बचाव संग्राम, बिजली दाम में बढ़ोतरी, गैस सिलेंडरों की कमी और स्थानीय मुद्दों को लेकर विधानसभा का घेराव करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आज रायपुर में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में बताया कि इस कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी महासचिव सचिन पायलट, सह प्रभारी, राज्य के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि रायपुर के शंकर नगर स्थित भारत माता चौक से कांग्रेसजन दोपहर बारह बजे विधानसभा के लिए कूच करेंगे।

भोरमदेव महोत्सव

कबीरधाम जिले के ग्राम छपरी में कल सत्रह मार्च को भोरमदेव महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और सांसद संतोष पांडेय शामिल होंगे। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही छत्तीसगढ़ी लोककला, गीत–गायन के अलावा कथक, भरत नाट्यम और बैगा नृत्य जैसे कार्यक्रमों की प्रस्तुति होंगी।

बैंड–प्रतियोगिता

नई दिल्ली में आयोजित मिलिट्री पाईप बैंड प्रतियोगिता में पहली बार द ग्रेट इंडिया सैनिक स्कूल रायपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

गौरतलब है कि कल देर शाम इस स्कूल के छात्रों ने मुख्यमंत्री से उनके निवास कार्यालय में मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायायिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी रामजीवन देवांगन ने आज माना कैम्प रायपुर स्थित कार्यालय में राज्य आयुक्त दिव्यांगजन का पदभार ग्रहण कर लिया है।

दुर्ग पुलिस ने नारकोर्टिक्स एक्ट के मामलों में जब्त छह क्विंटल से अधिक मादक पदार्थों का वैधानिक नष्टीकरण की कार्रवाई की है। ड्रग्स डिस्पोजल समिति की उपस्थिति में अंठावन प्रकरणों में जब्त मादक पदार्थों को नष्ट किया गया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>